# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/गोपनीय/मेडीकल/2021/मेडीकल/186 दिनांक: 18/07/21

प्रति,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या**
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः– **B.Ed. Ist Semester Exam. Dec.- 2020** (द्वितीय अवसर) (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थियो हेतु परीक्षा दिसम्बर – 2020 के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेट के अंक दिनांक 22/07/2021 तक अपडेट किये जाने हेतु ।

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि समस्त परीक्षाओ का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेट के अंक के आधार पर घोषित किये जाने है ।

अतः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को यह अवगत कराया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. के परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेट के अंक परीक्षा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार संपादित कराकर समस्त परीक्षार्थियों के प्रायोगिक, आंतरिक मूल्यांकन एवं असाइमेन्ट परीक्षा के अंक दिनांक 22/07/2021 एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रुप से अपडेट करें ।

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के ऐसे परीक्षार्थी जो प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन की ए.टी.के.टी. परीक्षा दिसम्बर–2020 में सम्मलित हो रहे है । उक्त ए.टी.के.टी. परीक्षार्थियों के उक्त विषय का असाइनमेंट प्राप्त करे असाइनमेंट के अंक **MP ONLINE PORTAL** पर आवश्यक रुप से अपडेट करें तथा ए.टी.के.टी. परीक्षा दिसम्बर–2020 के ऐसे परीक्षार्थी जो सैद्वांतिक (थ्योरी) परीक्षा की ए.टी.के.टी. में सम्मलित हो रहे है । उक्त छात्रों के सैद्वांतिक परीक्षा के असाइमेंट के अंक **http://www.univexam.org** पोर्टल पर अपडेट करें ।

आपको यह विदित कराया जाता है कि समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार असाइनमेंट प्राप्त करें तथा प्राप्त असाइनमेंट का मूल्यांकन कराकर प्रायोगिक के असाइनमेंट के अंक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें, । समस्त परीक्षार्थियों से प्राप्त असाइनमेंट का संधारण महाविद्यालय स्तर पर ही किये जाना है आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकार्ड विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा ।

**आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट के अंक अपडेट करने से शेष न रहें । पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख रिक्त अथवा डेंस अंकित नही करें । विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट (सैद्वांतिक, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा) के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा । जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा । विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन असाइनमेंट के अंक मान्य नही किये जावेगें । असाइनमेंट के अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नही करने पर उक्त महाविद्यालय के विरुद्व माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार कार्यवाही की जावेगी ।**

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु ।
2. कुलपति महोदया के सचिव, जीवाजी विश्वद्यिालय, ग्वालियर ।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वद्यिालय, ग्वालियर ।
4. उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वद्यिालय, ग्वालियर ।
5. प्रबंधक, माइक्रोनक इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि. अजमेर की ओर सैद्वांतिक परीक्षा के असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6. श्री संजय बरथरिया, एम.पी.ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आंतरिक मूल्यांकन में पूरक परीक्षार्थियों के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)